




# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**अगस्त-2018**

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय पर मेधावी छात्र/छात्राओं का अभूतपूर्व सम्मान

दिनांक 26.07.2018 को पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ पर राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा पुलिस रेडियो कार्मिकों के यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा–2018 में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले 15 मेधावी छात्र/छात्राओं का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, डॉ0 दिनेश शर्मा, मा0 उप मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार थे। कार्यक्रम में श्री राम लाल, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) एवं ट्रस्ट के संरक्षक, श्री विद्यासागर सोनकर, एमएलसी, प्रदेश महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी, श्री ओ0पी0 सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, श्री राम गोपाल गुप्त, सेवानिवृत्त निदेशक, पुलिस दूरसंचार एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष, डॉ0 एम0एल0 भट्ट, कुलपति, के0जी0एम0यू0, लखनऊ तथा ट्रस्ट के पदाधिकारी, अधिकारी/कर्मचारी एवं मीडियाबन्धु उपस्थित रहे।










राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने कुमारी लिपाक्षी देव को सर्वाधिक 89.83 प्रतिशत अंक अर्जित करने पर रू. 10,000.00 का नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र तथा 14 अन्य मेधावी छात्र/छात्राओं (1. मुस्कान, 2. शैरीन खान, 3. यश, 4. अंजली, 5. अजीत कुमार, 6. शिवांगी, 7. शिव प्रताप सिंह, 8. सत्य प्रकाश, 9. चिन्मय श्रीवास्तव, 10. सय्यदा महबूब, 11. हेमन्त कुमार सिंह, 12. अंकुर यादव, 13. रीतिका सिंह, 14. आंचल यादव) में से प्रत्येक को रू. 2,000.00 का नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र रेडियो मुख्यालय ने प्रदान किया।









इससे पूर्व श्री प्रमोद कुमार तिवारी, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार ने मंचस्थ अतिथियों का स्वागत सम्बोधन किया। डॉ0 दिनेश शर्मा, मा0 उप मुख्यमंत्री, श्री राम लाल, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव (संगठन), श्री राम गोपाल गुप्त, ट्रस्ट के अध्यक्ष के सम्बोधन अत्यंत मार्मिक एवं प्रेरक रहे। डॉ0 दिनेश शर्मा द्वारा बदलते परिवेश में पुलिस के कानून व्यवस्था पर नियंत्रण, पुलिस बल में अधिकारी/कर्मचारी के मध्य आपसी सामंजस्य बनाए रखने के उपाय, शिक्षा में सुधार की ओर सरकार द्वारा किये जा रहे उपायों इत्यादि के बारे में बताया। श्री प्रमोद कुमार तिवारी, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार ने मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये तथा सभी का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक ने किया।

## उपलब्धियाँ

1. माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार के निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| क्र0 | दिनांक | जनपद |
|---|---|---|
| 1 | 28 एवं 29.07.2018 | लखनऊ |
| 2 | 21.07.2018 | शाहजहाँपुर |
| 3 | 14.07.2018 | वाराणसी |

2. माननीय मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| क्र0 | दिनांक | जनपद |
|---|---|---|
| 1 | 17.07.2018 | शाहजहाँपुर |
| 2 | 15/16.07.2018 | गोरखपुर |
| 3 | 08/09.07.2018 | मुरादाबाद/सम्भल |
| 4 | 05.07.2018 | आगरा |

## सराहनीय कार्य

दिनांक 12.07.2018 को समय लगभग 1455 बजे सहायक रेडियो अधिकारी, मुरादाबाद के कार्यालय से नियंत्रण कक्ष जाते समय पीली कोठी चौराहा, आँखों के अस्पताल के पास एक मैजिक वाहन द्वारा स्कूटी सवार को टक्कर मारने की घटना संज्ञान में आयी। उक्त अधिकारी के हमराह आरक्षी/15, सचिन कुमार द्वारा नियंत्रण कक्ष को सूचित किया गया जिस पर पीआरवी संख्याः यूपी 32 बीजी 0243 द्वारा पूर्व से पकड़े गये ड्राइवर को सुपुर्दगी में ले लिया गया।

## कल्याणकारी कार्य

1. पुलिस रेडियो मुख्यालय के कार्मिकों एवं उनके परिवारों के लिए दिनांक 23.07.2018 को निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया जिसमें 29 कार्मिक लाभान्वित हुये।



2. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में जुलाई–2018 में 433 कार्मिकों का उपचार किया गया।

## शासनादेश, आदेश एवं कार्यालय ज्ञाप

1. गृह (पुलिस) अनुभाग–2 के आदेश संख्याः यू023/6–पु0–2–2018 दिनांक 14.07.2018 द्वारा, परिवहन अनुभाग–3 उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्याः 1986/30–3–18–73 एम/18 दिनांक 04.08.2018 को संदर्भित करते हुए, सड़क सुरक्षा के उपायों को लागू किये जाने में गतिशीलता लाये जाने हेतु सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित किये जाने के सम्बन्ध में मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 एवं मा0 उच्चतम न्यायालय कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा दिये गये निर्देशों (विशेषकर हेलमेट/सीट बेल्ट के प्रयोग) का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने की अपेक्षा की गयी है।

2. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक पर दिनांक 27.07.2018 को सम्पन्न बैठक में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ने पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के सहायक का पदनाम परिवर्तित कर "पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ आफिसर" तथा पुलिस महानिदेशक के उप सहायक का पदनाम परिवर्तित कर "अपर पुलिस अधीक्षक/पुलिस महानिदेशक के स्टाफ सहायक" किये जाने के निर्देश दिये हैं।

3. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के परिपत्र संख्याः डीजी–39/2018 दिनांक 21.07.2018 द्वारा पुलिस विभाग के सभी परिसरों एवं कार्यालयों को प्लास्टिक एवं पॉलीथिन से मुक्त बनाने हेतु निर्दिष्ट कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की है।

4. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–तीन–12–(11)–2017 दिनांक 16.07.2018 द्वारा संयुक्त निदेशक एवं सम्मेलन सचिव, आसूचना ब्यूरो, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 12.07.2018 में कर्तव्य पथ पर पुलिस कर्मियों द्वारा किये गये सर्वोच्च बलिदान को उजागर करने एवं अच्छे कार्यों को प्रदर्शित करने के सम्बन्ध में मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा लॉन्च की गयी वेबसाइट पर आगन्तुकों की संख्या में वृद्धि किये जाने हेतु पुलिस कर्मियों को प्रेरित किये जाने की अपेक्षा के क्रम में अग्रेतर कार्यवाही की अपेक्षा की गयी है।

5. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–16 (एसएमसी)/2018 दिनांक 12.07.2018 द्वारा अवगत कराया गया है कि उ0प्र0 पुलिस का "यूपी पुलिस" नाम से एक अधिकारिक पेज है जिस पर प्रतिदिन यूपी पुलिस से सम्बन्धित जानकारियाँ साझा की जाती हैं। इसी प्रकार उ0प्र0 पुलिस के यू–ट्यूब चैनल पर भी कार्यक्रमों, सनसनीखेज घटना/अफवाहों के सम्बन्ध में उच्चाधिकारीगण की बाइट्स अपलोड की जाती हैं। अतः अधिकारी/कर्मचारी उ0प्र0 पुलिस के अधिकारिक फेसबुक पेज @upolice को Follow एवं Like करें/महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा करें तथा यू–ट्यूब चैनल को Subscribe करें।

6. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–तीन–12(1)/2018 दिनांक 10.07.2018 द्वारा अपेक्षा की गयी है कि जिन प्रकरणों में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर बैठक इत्यादि की मौखिक सहमति प्राप्त कर ली जाती है, के सम्बन्ध में औपचारिक पत्र के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के सहायक, उ0प्र0 को तत्काल अवगत करा दिया जाय इससे पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के कार्यक्रमों के निर्धारण में विरोधाभास उत्पन्न न हो और सामंजस्य बना रहे। यदि कोई बैठक मौखिक वार्ता के आधार पर निरस्त की जाती है तो भी तत्काल पत्र द्वारा अवगत करा दिया जाय जिससे पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों की सूची से उसे विलोपित कराया जा सके।

7. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के परिपत्र संख्याः डीजी–37 दिनांक 09.07.2018 द्वारा पुलिस कर्मियों को साफ–सुथरी, चुस्त–दुरूस्त एवं निर्धारित वर्दी धारण करने हेतु व्यापक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

8. उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याः सम्पूर्ति–दो–16–2017 दिनांक 09.07.2018 द्वारा उ0प्र0पु0 कार्मियों की खाकी वर्दी के शेड (रंग का दर्जा) के तकनीकी मानक (PANTONE NO. 16-1315 TCX) को

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा अनुमोदित किये जाने से सूचित करते हुए कड़ाई से अनुपालन की अपेक्षा की गयी है।




## पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के भ्रमण कार्यक्रम

दिनांक 18.07.2018 को जौनपुर, 19.07.2018 को वाराणसी, 28.07.2018 को आगरा एवं 30.07.2018 गाज़ियाबाद की संचार इकाईयों का भ्रमण एवं संचार व्यवस्था की समीक्षा की गयी। सम्बन्धित कार्मिकों को मौके पर दिशा–निर्देश दिये गये तथा संचार व्यवस्था में सुधार हेतु मार्गदर्शन किया गया।

## पदोन्नति

उ0प्र0 शासन, गृह (पुलिस) अनुभाग–1 के शासनादेश संख्याः 2679/6–पु0–1–18 –1300 (32)/88टीसी–1 दिनांक 06.07.2018 द्वारा रेडियो निरीक्षक, श्री अनूप कुमार एवं रेडियो निरीक्षक, श्री इरशान अहमद जैदी को सहायक रेडियो अधिकारी के रिक्त पदों पर प्रोन्नति प्रदान की गयी है।

## रेडियो मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप

1.उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्याः आंकिक –ज्ञाप (आयकर)/13 दिनांक 25.07.2018 द्वारा रेडियो मुख्यालय, लखनऊ से वेतन आहरित करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के मासिक वेतन से प्रतिमाह निर्दिष्ट निर्धारित धनराशि की कटौती किये जाने की व्यवस्था बनायी गयी है।

2. उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश संख्याः ए–388/2004 (भर्ती) दिनांक 24.07.2018 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो में संदेशवाहक पद पर सीधी भर्ती कार्यवाही हेतु प्रकोष्ठ में कार्मिकों की तैनाती एवं उनके कार्य एवं दायित्व निर्धारित किये गये हैं।

3. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः ओ–353/2007 दिनांक 04.07.2018 द्वारा राजपत्रित अधिकारियों के मध्य कार्य का विभाजन किया गया है।

4. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः डीजी/सीए–01/2018 दिनांक 02.07.2018 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय पर रेडियो कार्मिकों (पुरूष) की सुख–सुविधा हेतु बारबर शॉप के संचालन हेतु निर्देशित किया गया है।

5. पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः 18/2018 दिनांक 26.04.2018 में प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय में एक मीडिया सेल का गठन करते हुए सेल के प्रभारी का दायित्व रेडियो निरीक्षक, श्री वी0के0 वर्मा एवं सेल सहायक के रूप में प्र0परि0/सैयद मोहम्मद जाफर को नियुक्त किया गया है।

## विविध प्रशिक्षण गतिविधियाँ

1. दिनांक 04.07.2018 को पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार ने पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित बारबर शॉप का रेनोवेशन उपरान्त लोकार्पण किया।






2. दिनांक 04.072018 को पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार ने प्रशिक्षण केन्द्र मेस का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिये।



3. दिनांक 04.07.2018 को पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रशिक्षणरत लगभग 100 प्रशिक्षणार्थियों को 70 फीट ऊँचे न्यूमेटिक टेलिस्कोपिक मास्ट सम्बन्धी प्रशिक्षण कराया गया।





4. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में प्रचलित विभागीय ग्रेड–द्वितीय 91वें बैच की मध्यान्ह परीक्षाएँ जुलाई–2018 में सम्पन्न हुई।

5. दिनांक 02.07.2018 को पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार ने 04 माह अवधि के 92वें ग्रेड–द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

6. दिनांक 23.07.2018 से 28.07.2018 तक सम्पन्न 06 दिवसीय सीसीटीवी कोर्स में 24 रेडियो कार्मिकों ने भाग लिया।

7. दिनांक 30.07.2018 से 31.07.2018 तक सम्पन्न 02 दिवसीय डीएमआर कोर्स में 24 रेडियो कार्मिकों ने भाग लिया।

## "वन महोत्सव" कार्यक्रम

दिनांक 06.07.2018 को "वन महोत्सव" के अवसर पर उ0प्र0 पुलिस रेडियो पारेषण गृह में विभिन्न प्रजातियों के 18 फलदार पौधों का रोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यालय में नियुक्त समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं काफी संख्या में अराजपत्रित कार्मिक उपलब्ध रहे।

उक्त कार्यक्रम मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–तीन–12(5) 2018 दिनांक 26.06.2018 द्वारा प्रतिवर्ष दिनांक 01.07.2018 से 07.07.2018 तक "वन महोत्सव" मनाये जाने के अनुपालन में सम्पन्न किया गया।



## अन्य गतिविधियाँ

जुलाई 2018 में पुलिस रेडियो कॉलोनी में आवासित महिलाओं हेतु निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया।



## पॉलीथिन का प्रयोग बन्द करने हेतु "जागरूकता कार्यक्रम"

उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रदेश में पॉलीथिन के प्रयोग पर रोक लगाये जाने सम्बन्धी निर्णय से पुलिस रेडियो कार्मिकों को भिज्ञ कराने एवं जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 15.07.2018 को पुलिस रेडियो मुख्यालय में "स्लोगन लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता" पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के निर्देशन में सम्पन्न हुई जिसमें 12 वर्ष तक की आयु के 21 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के बाद बच्चों को पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में "पॉवर प्वाइन्ट प्रस्तुतीकरण एवं लघु फिल्म" भी दिखायी गयी। अन्त में दोनों श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्तकर्ताओं को डॉ0 नीलम सिंह ने पुरस्कृत किया। सभी प्रतिभागियों को सान्त्वना पुरस्कार भी दिये गये।





उक्त क्रम में पुलिस रेडियो कॉलोनी में दिनांक 17.0.7.2018 को जूट के 200 थैले श्री अनिल कुमार, उपमहानिरीक्षक ने वितरित किये तथ लोगों से पॉलीथिन का प्रयोग बन्द करने का आव्हान किया।



## सेवानिवृत्ति

उ0प्र0 पुलिस रेडियो से जुलाई 2018 में निम्न 34 कार्मिक अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो निरीक्षक, श्री छेदी लाल सिंह, वाराणसी, 2. रेडियो निरीक्षक, श्री रजा हुसैन, मुरादाबाद, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बलवीर सिंह भण्डारी, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री महराजदीन तिवारी, रेडियो मुख्यालय, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राज बहादुर पाण्डेय, सुल्तानपुर, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शम्भू नाथ सिंह, मऊ, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री हरि नन्दन सिंह बिष्ट, गाज़ियाबाद, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री धीरेन्द्र प्रसाद तिवारी, रेडियो मुख्यालय, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम प्रताप यादव, अमेठी, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अवनीश कुमार शर्मा, रामपुर, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विमल कुमार वर्मा, लखनऊ, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री श्याम लाल, उन्नाव, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री नसीमुल्लाह, शाहजहाँपुर, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राकेश कुमार महौर, ललितपुर, 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कृष्ण कुमार तिवारी, इलाहाबाद, 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जितेन्द्र सिंह, मुजफ्फरनगर, 17. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कृपानाथ तिवारी, कानपुर देहात, 18. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री केशव प्रसाद कुशवाहा, बलिया, 19. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रामानन्द यादव, रेडियो मुख्यालय, 20. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री लक्ष्मी प्रसाद, इलाहाबाद, 21. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री हरिओम, मथुरा, 22. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजनारायण वर्मा, रेडियो मुख्यालय, 23. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री श्रीराम मित्रा, रेडियो मुख्यालय, 24. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री साहब सिंह, मुजफ्फरनगर, 25. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दिनेश कुमार शर्मा, रेडियो मुख्यालय, 26. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रभुनाथ, कौशाम्बी, 27. प्र0परि0/2401, श्री विनोद कुमार शर्मा, गाजियाबाद, 28. प्र0परि0/912, श्री मेडेलाल, कानपुर नगर, 29. प्र0परि0/696, श्री रमेश चन्द्र, हाथरस, 30. प्र0परि0/3437, श्री विनोद कुमार तिवारी, रेडियो मुख्यालय, 31. कर्म0 कर्मचारी/ 5145, श्री कमर अहमद, मऊ, 32. कर्म0 कर्मचारी/1911, श्री मो0 सफी, गोण्डा, 33. संदेश वाहक, श्री श्यामलाल, रेडियो मुख्यालय, 34. एस0आई0एम0, श्री इन्द्र बहादुर सिंह, रेडियो मुख्यालय।

सभी सेवानिवृत्त कार्मिकों को परम्परागत रुप से पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा हस्ताक्षरित सम्मान–पत्र प्रदान किये गये।

## वायरलेस चौराहे का नाम परिवर्तन


लखनऊ जागरण

खाली प्लॉट पर मिला कूड़ा तो मालिक पर लगेगा जुर्माना

सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर। सहयोगीगण– श्री वी0के0 वर्मा, रेडियो निरीक्षक एवं श्री अख्तर अली, रेडियो उप निरीक्षक। डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW

प्रतियाँ – 200